फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी–सूरतगढ़ जिला–श्रीगंगानगर

चक 2 एस0एम0आर0 में स्थित हाडारोडी के लिए रास्ता स्वीकृति पत्रावली

किस्म मुकदमाः– रास्ता स्वीकृति प्रकरण संख्याः–२११ /2024 GCMS 2024/685

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
8 .11.2024	आज यह पत्रावली प्रार्थी श्री संतराम पुत्र मनफुलराम द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने पर तहसीलदार सूरतगढ़ से रिपोर्ट ली गई। तहसीलदार सूरतगढ़ ने रिपोर्ट प्रस्तुत की है कि चक 2 एस.एम.आर. के पत्थर संख्या 94/7 के किला नं. 21–22 की 2.00 बीघा हाडारोडी दर्ज रिकार्ड है। उक्त हाडारोडी तक पहुंच हेतु रास्ता मन्जुर नही है। रोही सोमासर से उक्त हाडारोडी चिपती हुई स्थित है। ग्राम सोमासर–ठूकराना मन्जुरशुदा चालू रास्ता से 15 बीघा दूरी पर स्थित हाडारोडी से सम्पर्क रास्ता संलग्न नक्शा अनुसार कायम किया जा सकता है। उक्त खसरा भूमि खसरा संख्या 75/28 में स्थित है। खसरा संख्या 75/28 में आराजीराज भूमि है। खसरा संख्या 75/28 में 15 बीघा लम्बाई में 16.5 फुट चौड़ा (0.025 हैक्टर) रास्ता कुल 0.380 हैक्टर रास्ता स्वीकृत किया जाना उचित होगा। तहसीलदार सूरतगढ़ द्वारा प्रेषित रिपोर्ट एंव पत्रावली का अवलोकन किया गया। सरपंच ग्राम पंचायत सोमासर के प्रस्ताव अनुसार चक 2 एस.एम.आर. के पत्थर संख्या 94/7 के किला नं. 21–22 में 0.506 हैक्टर भूमि गै0मु0 हाडारोड़ी के नाम दर्ज है। तहसीलदार सूरतगढ़ की रिपोर्ट अनुसार गै0मु0हाडारोडी को रास्ता नही लगता है। अतः रास्ता स्वीकार किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः उपर्युक्त विवेचन अनुसार प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर रोही सोमासर के खसरा संख्या 283/75 (75/28) में 15 बीघा लम्बाई में 16.5 फुट चौड़ा (0.025 हैक्टर) रास्ता कुल 0.380 हैक्टर रास्ता स्वीकृत किया जाता है। जिसे राजस्व रिकार्ड जमाबंदी में गै0मु0 रास्ता अंकित किया जावे। तहसीलदार सूरतगढ़ के संलग्न नजरिया नक्शा दिनांक 14.10.2024 में दर्शाया गया प्रस्तावित रास्ता उसी अनुसार राजस्व नक्शा में तरमीम किया जावें। पत्रावली नम्बर से कम होकर बाद तरतीब तकमील दाखिल दफ्तर हो। निर्णय खुले न्यायालय में सुनाया गया। Signature Not Verified Digitally signed by Sandeep Kumar Date: 2024.11.11 16:44:00 IST Reason: SelfAttested (... कुमार) उपखण्ड अधिकारी सूरतगढ़ (राज.)	

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सूरतगढ़